# अडाणी समूह बायोगैस के क्षेत्र में निवेश करेगा

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उद्यम प्रदेश बनाने की राह पर अग्रसर उत्तर प्रदेश सोमवार को अबतक के सबसे बड़े निवेश के भूमि पूजन का गवाह बनेगा। इस दौरानअक्षय ऊर्जा/नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़ी 182 परियोजनाओं की आधार शिला रखी जाएगी। भी शुरू होंगी। ये परियोजनाएं 1.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की है। मथुरा में अडाणी समूह करेगा बायोगैस ऊर्जा के क्षेत्र में 300 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

**यूपीनेडा ने हासिल किया टार्गेट से अधिक का लक्ष्य:** उत्तर प्रदेश न्यू एंड रिन्यूवेबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी के निदेशक अनुपम शुक्ला के अनुसार जीबीसी 4.0 में सौर ऊर्जा, बायो ऊर्जा, पम्प्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट (पनबिजली से संबंधित) और ग्रीन हाइड्रोजन से जुड़ी 182 परियोजनाएं उत्तर प्रदेश में ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े बदलाव का वाहक बनेंगी।

**सौर ऊर्जा सेक्टर में 55,806 करोड़ का निवेश:** सोलर एनर्जी के क्षेत्र में 42 परियोजनाएं 55,806 करोड़ का निवेश करेंगी, वहीं बायो एनर्जी से जुड़ी 131 परियोजनाएं 7,299.35 करोड़ का इन्वेस्टमेंट करने जा रही हैं।

## प्रदेश में लगने वाले अन्य बड़े प्रोजेक्ट पर एक नजर

- हीरानंदानी समूह, सिफी टेक्नालॉजी, एसटीटी ग्लोबल, व जैक्सन लिमिटेड यूपी के विभिन्न हिस्सो में डाटा सेंटर बनाएंगे
- एनटीपीसी, ग्रीनको, टोरेंट, एसीएमई, जेएसडब्लू इनर्जी, पीएसपी सिक्स आदि कंपनियां थर्मल, हाइड्रो व सोलर प्रोजेक्ट
- एम3एम इंडिया, आईएनजीके , हाउस आफ अभिनंदन लोढ़ा समूह आवासीय व व्यवसायिक परियोजनाएं लगाएंगे
- एयर इंडिया एसएटीएस एयरपोर्ट सर्विसेस एंड द सरार्फ समूह एयर कार्गो, कोल्ड स्टोरेज व लाजिस्टिक क्षेत्र में निवेश करेंगे
- तार्क सेमीकंडक्टर , डिक्शन, हायर, एडवर्ब, केंट आर सिस्टम राज्य में इलेक्ट्रानिक्स निर्माण इकाईयां स्थापित करेंगे
- अडानी डिफेंस सिस्टम एंकर रिसर्च लैब, एयरलोए रक्षा सेक्टर में निर्माण इकाईयां लगाएंगे
- अशोक लीलैंड व यामहा आटोमोबाइल व ईवी परियोजना लगाएंगे